## सार-समाचार

### श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ी भीड़



**बयाना, (निसं)।** बयाना कस्बे के भीतरबाड़ी मोहल्ला में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा समारोह में गुरुवार को श्रद्धालु श्रोताओं व महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। कैलाशी राम शर्मा की ओर से आयोजित इस श्रीमद् भागवत कथा समारोह में कथा वाचक स्वामी हरेंद्रानंद सरस्वती ने कथा समारोह में प्रवचन करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा अपने आप में शास्त्रीय विज्ञान है। जो हमें तनाव रहित और सुखमय जीवन की कला भी सिखाता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के नियमित श्रवण और उसके अनुसार आचरण करने से श्रोता साधक के सभी पाप व संताप कट जाते हैं। उन्होंने कथा समारोह में वामन अवतार व श्री कृष्ण एवं राम अवतार का वर्णन करते हुए कहा कि इन्होंने पृथ्वी पर बुराइयों व राक्षसों का संहार करने के लिए ही अवतार लिए थे। अगर तब यह अवतार नहीं लेते तो आज पृथ्वी का क्या रूप होता यह अकल्पनीय है। कथा समारोह में श्री कृष्ण व श्री राम एवं वामन अवतार लीलाओं का कथानक ढंग से चित्रण भी किया गया । जिसे देख श्रोता दर्शक भाव विभोर हो उठे थे। कथा समारोह में रोजाना दोपहर बारह बजे से अपरान्ह पांच बजे तक कथा प्रवचन होते हैं। जिसका विसर्जन आगामी नौ फरवरी को व प्रसादी वितरण एवं हवन यज्ञ दस फरवरी को होगा।

### करणपुर सीएचसी का किया निरीक्षण

**करौली, (निसं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की आम जन तक समयानुरूप पहुंच की जानकारी हेतु सीएमएचओ डॉ. दिनेश चंद मीना ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करणपुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।सीएमएचओ डॉ मीना ने उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण कर कार्मिकों कि मौजूदगी जांची और नर्सिंग कर्मियों को यूनिफॉर्म में रहने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने वैक्सीन संधारण में सुधार के निर्देश प्रदान कर खराब हुई आईएलआर और डिजिटल एक्स-रे उपकरण को ठीक कराने कि प्रक्रियाओं से अवगत हुए। उन्होंने संस्था प्रभारी से ओपीडी, आईपीडी,लेबर रूम और डिलेवरी लोड के बारे में जानकारी जुटाते हुए क्षेत्र के मरीजों को संतोषप्रद सेवाओं के लिए निर्देशित किया। उन्होंने फार्मासिस्ट से दवाओं की उपलब्धता की जानकारी जुटाई और वार्षिक दवा मांग में सुधार और दवाओं को अवधि पार होने से बचाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने वार्ड का निरीक्षण कर मरीजों से सेवाओं कि गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली और प्रभारी को समय-समय पर बेडशीट बदलने और सफाई व्यवस्था रखने के लिए निर्देश दिये। उन्होंने 108 एम्बुलेंस की लोकेशन के बारे में जानकारी लेकर ईएमटी की कार्य प्रक्रिया और एंबुलेंस में संसाधन स्थिति से रूबरू हुए। इस दौरान जिला कार्यक्रम समन्वयक आईईसी लखन सिंह लोधा ने संस्था पर आईईसी प्रदर्शन के बारे में जानकारी ली और संस्था प्रभारी को आगामी दिनों में करवाई जाने वाली आईईसी प्रदर्शन के स्थान के बारे में बताया।

### चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** शहर के विद्यालय निर्मल पब्लिक अंठोजी माध्यम में निर्मल हॉस्पिटल की ओर से एक बड़े निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य दुष्यंत शर्मा ने बताया कि निशुल्क शिविर का आयोजन का लाभ न केवल स्थानीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं अपितु शहर के स्थानीय लोगों ने भी उठाया शिविर के दौरान छात्र-छात्राओं के साथ बड़ी संख्या में शहर के निवासियों को भी निशुल्क चिकित्सा परामर्श प्राप्त हुआ विद्यालय निदेशक श्री मनीष चौधरी जी द्वारा विधिवत रूप से शिविर का प्रारंभ किया गया उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं के साथ शहर के निवासियों को निशुल्क जांच तथा निशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को निशुल्क चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना था शहर के स्थानीय लोगों द्वारा इस पहल की प्रशंसा की गई निदेशक महोदय ने बताया कि दिनांक 13 फरवरी 2025 को निर्मल हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के तत्वाधान में एक बड़े निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें नेत्र जांच में चिकित्सा का निशुल्क लाभ उठाया जा सकेगा। शिविर कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रेम सिंह बेनीवाल, शिवकुमार शर्मा, मनोज मुद्गल, अंकित, सपना, सृष्टि, हिमानी, पूजा, शिवानी, अंजना, रेखा जी आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही

### खेत में मिला वृद्ध का शव

**नदबई, (निसं)।** लखनपुर क्षेत्र के गांव बछामदी में गुरुवार सुबह खेत में संदिग्ध स्थिति में वृद्ध का शव मिला। परिजनों की सूचना पर लखनपुर थाना पुलिस ने मौके पर जांच पडताल करते हुए शव को कब्जे में लिया। बाद में पुलिस ने नदबई चिकित्सालय में वृद्ध के शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस के अनुसार मृतक डिगम्बर सिंह पुत्र बहादुर सिंह, सुबह करीब 6 बजे खेत पर कार्य करने गया। इसी दौरान अज्ञात कारण के चलते वृद्ध की मौत हो गई। करीब तीन घण्टे बाद नाश्ता लेकर खेत पर गए परिजनों को वृद्ध का शव मिलने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर लखनपुर थाना पुलिस ने मौके पर जांच पडताल करते हुए शव को कब्जे में लिया।

# 'सहशैक्षिणक गतिविधियों से बढ़ता है विद्यार्थियों का मनोबल'

**भरतपुर, (निसं)।** एमएसजे राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सांस्कृतिक सप्ताह के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समिति के संयोजक प्रो. डॉ अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ हरबीर सिंह, भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश सोलंकी, कला संकाय की डीन डॉ. इला मिश्रा, प्रतियोगिता निर्णायक डॉ. उषा रानी शर्मा, डॉ. शकुन्तला मीना, डॉ सरिता सिंह, योगेश कुमारी मधुकर के आतिथ्य में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत प्रारंभ किया गया। डॉ. गुप्ता द्वारा मां सरस्वती की सरस वंदना की गई।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि आयुक्तालय के आदेश से 'सांस्कृतिक सप्ताह' के तहत निबंध एवं शॉर्ट वीडियो निर्माण प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के मध्य कराई गई। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगियों ने निर्धारित विषय 'अहिल्याबाई होलकर: सुशासन और वित्तीय प्रबंधन की अद्वितीय मिसाल' विषय पर बहुत ही उत्कृष्ट निबंध लिखे। उन्होंने बताया कि एम.ए. प्रीवियस की छात्रा तिन्शु शर्मा ने प्रथम तो एम.ए. प्रीवियस के छात्र चिराग सक्सेना ने द्वितीय तथा एम.एससी. फाइनल की छात्रा शताक्षी पुरोहित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह शॉर्ट वीडियो निर्माण प्रतियोगिता जिसका विषय 'सशक्त भारत के लिए वित्तीय साक्षरता: अहिल्याबाई होल्कर से प्रेरणा' रखा गया। इस प्रतियोगिता में



सांस्कृतिक सप्ताह के तहत साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समिति ने दिये प्रतियोगी विजेताओं को पुरस्कार।

एम.ए.फाइनल की छात्रा संगीता सैनी ने प्रथम स्थान तो बी.ए.तृतीय वर्ष की दिवी ने द्वितीय तथा तृतीय स्थान बी.ए.प्रथम सेमेस्टर के छात्र आकाश ने प्राप्त किया। डॉ. गुप्ता ने बताया कि पूर्व में 'महाराणा प्रताप के कृतित्व एवं व्यक्तित्व' विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसमें प्रथम स्थान बी.ए. पार्ट तृतीय की नंदिनी सिंह ने,तो बी.ए. पार्ट तृतीय की ही दिवी ने द्वितीय तथा तीसरा स्थान बी.ए.पार्ट सेमेस्टर प्रथम की सुश्री सोनम ने प्राप्त किया। इस अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. हरबीर सिंह ने कहा कि सह शैक्षिणक गतिविधियों से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है साथ ही इन प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश सोलंकी ने इस अवसर पर सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि इन प्रतियोगिताओं का लाभ नियमित विद्यार्थी ही ले सकते हैं।

ये प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए लाभदायक हैं। कला संकाय की डीन प्रोफेसर डॉ. इला मिश्रा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विजेता प्रतिभागियों को बधाई प्रेषित की साथ ही उन्होंने कहा की महापुरुषों से हमें प्रेरणा लेकर उनका अनुकरण करना चाहिए। अतिथियों द्वारा सभी विजेता प्रतियोगियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं से विद्यार्थी मुखर होता है,साथ ही विषय का गहन अध्ययन करने से उनके अनुभव में वृद्धि भी होती है। कार्यक्रम में समिति सदस्य डॉ. उषा रानी शर्मा, डॉ. राजेश्वरी मीणा डॉ. सरिता सिंह, डॉ. शकुंतला मीना, डॉ. बालकृष्ण शर्मा, योगेश कुमारी मधुकर के साथ ही प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार गोयल, डॉ जेके गुप्ता, डॉ अंजना शर्मा कविता वर्मा आदि संकाय सदस्य एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।अंत में धन्यवाद एवं आभार डॉ.उषा रानी शर्मा ने दिया।

# जिला कलक्टर ने सुनी आमजन की परिवेदनाएं

**करौली, (निसं)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार नवीन त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था की अनुपालना में आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं उनके त्वरित निस्तारण के लिए जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में प्रथम गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। पंचायत समिति करौली की ग्राम पंचायत मुख्यालय परीता के भारत निर्माण केन्द्र पर जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना के निर्देशन में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई।

जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने संवेदनशीलता के साथ परिवादियों की समस्याएं सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। साथ ही विभिन्न प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करते हुए परिवादियों को राहत भी दिलाई। जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल पर 90 से 180 दिन के प्रकरण, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, संभाग कार्यालय, मानवाधिकार आयोग से प्राप्त प्रकरणों का अधिकारी 07 दिन मे निस्तारण करना सुनिष्चित करें जिससे




परीता में जनसुनवाई करते अधिकारी।

कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार आमजन को राहत मिले। उन्होंने लंबित चल रहे दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करते हुए समय पर रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें जिससे परिवादी की समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं उपखंड अधिकारियों को हिदायत दी कि वे आमजन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अविलम्ब और प्राथमिकता के साथ कार्यवाही करें तथा उनके निस्तारण के संबंध में की गयी कार्यवाही की सूचना को शीघ्रता से भिजवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर ने प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे आमजन की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ नियमित रूप से सुने और मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उनका त्वरित निस्तारण कर परिवादियों को राहत दिलाएँ। अधिकारीगण यह भी सुनिश्चित करें कि इस जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों की आगामी जनसुनवाई में पुनरावृति न हो।

## श्री शिवरात्रि पशु मेला 12 से

**करौली, (निसं)।** पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक एवं श्री शिवरात्रि पशु मेला के मेला अधिकारी डॉ. गंगासहायक मीना ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 12 से 20 फरवरी तक करौली जिले के पशु मेला मैदान में पशु मेला आयोजित किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार पशु मेले में पशु खरीदने के लिए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना जरूरी है। जिनमें जमाबंदी की नकल,पहचान पत्र की प्रति,क्रय किये गये पशु को कृषि कार्य अथवा दुग्ध उत्पादन में उपयोग लेने का शपथ पत्र आदि दस्तावेज हैं।उन्होंने बताया कि इस दौरान क्रेता को क्रय किये गये पशु को एयरटेक लगवाना एवं पशु स्वास्थ्य प्रमाण पत्र भी जारी करवाना आवश्यक है। साथ ही पशु के परिवहन के लिए बडे ट्रक 142 इंच व्हील बेस में 6 बडे पशुओं से अधिक नहीं होने चाहिए तथा वाहन में इन मवेशियों के पैरों के नीचे कुशन एवं साईडों में बोरी अथवा टाट लटकाने होंगे ताकि उनकी खाल नहीं छिले। पशु परिवहन के समय वाहन के साथ मवेशियों कि देखभाल एवं चारा पानी के लिए श्रमिक सहायक भी होना जरूरी है। पशुओं का लदान एवं उतार चढाव ढलान वाले रैम्प पर करना होगा। वहीं परिवहन के दौरान वर्तमान में विद्यमान सभी ट्रैफिक नियमों का पालन पशुपालकों एवं परिवहन कर्ताओं को करना होगा।

# सफाई व्यवस्था को लेकर बैठक

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** शहर की खराब सफाई व्यवस्था को लेकर नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल ने गुरूवार को नगर परिषद में अपने चैंबर में जमादारों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में फैली गंदगी और कचरे की स्थिति पर नाराजगी जताई। सभापति ने सभी सफाई कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे पूरी ईमानदारी और समर्पण से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि बेहतर सफाई व्यवस्था से न केवल नगर परिषद की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार होगा, बल्कि लोगों की शिकायतें भी कम होंगी। कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे समय पर ड्यूटी पर आएं और अनिवार्य रूप से वर्दी पहनें। सडकों की सफाई के साथ-साथ नालियों की नियमित सफाई, कचरे का तुरंत निपटारा और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया।

## सार-समाचार

### पीड़ितों को लौटाये मोबाईल फोन

**करौली, (निसं)।** करौली पुलिस ने ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से खोए और चोरी हुए 140 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान में अब तक कुल 458 मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं जिनकी कीमत 92 लाख रुपए से अधिक है। साइबर क्राइम से जुड़ी गतिविधियों पर भी पुलिस ने प्रभावी कार्यवाही कि है। पिछले एक साल में साइबर क्राइम पोर्टल 1930 पर प्राप्त शिकायतों में करीब 5 करोड़ रुपए कि धोखाधड़ी के मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए 65 लाख रुपए कि राशि होल्ड करवाई गई है। इनमें से 30 लाख रुपए पीड़ितों को वापस दिलाए गए हैं। साइबर सेल ने साइबर अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए 15 मामले दर्ज किए हैं और 33 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान 52 सिम कार्ड,एक लैपटॉप,एक एसयूवी कार,दो मोटरसाइकिल, तीन आधार कार्ड, दो पैन कार्ड, चारएटीएम कार्ड और 20020 रुपए नकद जब्त किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों को सलाह दी है कि मोबाइल फोन चोरी या गुम होने पर तुरंत ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराएं और उसकी कॉपी सीईआईआर पोर्टल पर अपलोड करें। पुलिस ने 350 मोबाइल सीईआईआर पोर्टल से और 108 मोबाइल ऑफलाइन गुमशुदगी रिपोर्ट के माध्यम से ट्रेस कर वापस लौटाए हैं। पीडितो को पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे बुलाकर उनके मोबाईल फोन पुलिस अधिकारियो द्वारा सुपुर्द किये गये जिसके चलते पीडितो के चेहरो पर मुस्कान लौट आई इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक गुमनाराम साईबर सेल प्रभारी हैड कांस्टेबल जिलय सिंह,साईबर सेल के कांस्टेबल मनीष कुमार,पुष्पेन्द्र कुमार जगमोहन,भास्कर सारस्वत, हरेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

### श्रीकृष्ण की लीलाओं की झांकी सजाई

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** समीप के गांव खेड़ा जमालपुर में प्राचीन ठाकुर जी मंदिर पर रविवार से आयोजित हो रही श्रीमद् भागवत कथा महापुराण के दौरान पांचवे दिन गुरुवार को भागवत आचार्य श्री भाष्करेय जी महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाया। इस दौरान सजीव झांकियां भी सजाई गई। गांव के प्राचीन ठाकुर जी मंदिर के महंत बृजकिशोर तिवारी एवं भूपेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव खेड़ा में करौली रोड स्थित ठाकुर जी महाराज के प्राचीन मंदिर पर गत रविवार से शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। वृंदावन धाम से पधारे कथा वाचक आचार्य भाष्करेय जी महाराज ने कथा के पांचवें दिन की कथा सुनाते हुए कहा कि धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है उसके बाद पंचगव्य गाय के गोब, गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है। सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। भगवान व्रजरज का सेवन करके यह दिखला रहे हैं कि जिन भक्तों ने मुझे अपनी सारी भावनाएं व कर्म समर्पित कर रखें हैं वे मेरे कितने प्रिय हैं। भगवान स्वयं अपने भक्तों की चरणरज मुख के द्वारा हृदय में धारण करते हैं। पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये हैं।

### क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** सवाईमाधोपुर रोड स्थित उघाडमल बालाजी पर चैंपियन प्रीमियर लीग-1 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विजेता टीम को 71 हजार रुपए राशि एवं ट्रॉफी से पुरस्कृत किया जाएगा, उपविजेता को 31 हजार रुपए राशि एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सभापति शिवरतन अग्रवाल रहे। अध्यक्षता प्रधान मंजू गुर्जर ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला प्रमुख मिट्ठू सिंह गुर्जर, बिजली विभाग अधिशासी अभियंता रूपसिंह गुर्जर, सार्वजनिक निर्माण विभाग अधिशासी अभियंता बदन सिंह गुर्जर मंचासिन रहे। मंच संचालन भाजपा युवा नेता मनोज कुनकटा ने किया। सभापति शिवरतन अग्रवाल ने कहा कि खेल से शक्ति, शक्ति से प्रगति होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से हम खेलो इंडिया और फिट इंडिया के मंत्र के साथ गंगापुर सिटी में युवा खेल प्रतिभाओं को सही मंच और प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, खेलो के माध्यम से युवाओं में स्फूर्ति और जोश बना रहता है। प्रधान मंजू गुर्जर ने कहा कि बच्चे खूब खेलेंगे,कूदेंगे और मन से पढेंगे तभी तो बच्चे अपने जीवन में आगे बढेगें। युवाओं की खेल प्रतिभा निखारने के लिए त्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करवाकर अधिशासी अभियंता बदन सिंह गुर्जर एवं उनकी टीम बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही हैं। इस अवसर पर सी.पी.हॉस्पिटल के निदेशक क्षितिज गुप्ता, अमरगढ सरपंच लाला गुर्जर, टोटलाई सरपंच हंसराज गुर्जर कुनकटा सरपंच अखेराम गुर्जर, चूली सरपंच धर्मसिंह गुर्जर, भाजपा नेता नवल दनगस, कमलेश मिर्जापुर, पूर्व पार्षद कालूराम सैनी सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी, कर्मचारी एवं समस्त खिलाडी उपस्थित रहे।

### बस से नगदी सहित बैग पार

**नदबई, (निसं)।** नदबई-डहरामोड के बीच रोडवेज बस में सवार एक महिला को चकमा देकर नगदी व सोने के जेबरात रखे बैग लेकर अज्ञात बदमाश फरार हो गया। बाद में पीडित महिला ने बैग गायब देख, पुलिस में मामला दर्ज कराया। पुलिस सूत्रों की मानें तो सुभाष नगर भरतपुर निवासी पूजा पत्नी संदीप सिंह, सोमवार को नदबई क्षेत्र के गांव झारकई में अपनी ममेरी बहन की शादी समारोह में शामिल हुई। जो कि, मंगलवार को शादी समारोह के बाद रोडवेज बस में सवार होकर भरतपुर लौट रही। इसी दौरान रोडबेज बस में ही अज्ञात बदमाश, चकमा देकर पीडित महिला का बैग लेकर फरार हो गया। पीडित महिला का आरोप है।

# दस दिवसीय होममेड अगरबत्ती निर्माण प्रशिक्षण का समापन

**भरतपुर, (निसं)।** ग्रामीण एवं विकास मंत्रालय और राजस्थान सरकार के तत्वाधान मे पंजाब नैशनल बैंक द्वारा संचालित पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान भरतपुर द्वारा ब्लाक सेवर के गांव ठेई में 10 दिवसीय होममेड अगरबत्ती निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का बैच का समापन पीएनबी मण्डल प्रमुख प्रमोद कुमार के नेतृत्व में पीएनबी आरसेटी निदेशक उपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, माधोराम, राजन खान की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा सभी 30 सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए तत्पश्चात उन्होने प्रशिक्षण कार्यकम के दौरान प्रशिक्षणर्थियों से प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्राप्त की उनके द्वारा होममेड अगरबत्ती निर्माण के कार्य को स्वरोजगार के लिए सही बताया गया। आरसेटी द्वारा समाज के बेरोजगार युवक युवतियों को ट्रेनिंग के माध्यम से स्वरोजगार का हुनर विकसित करने के प्रयासो की विशेष सराहना की गई।

पीएनबी आरसेटी निदेशक उपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने पंजाब नैशनल बैंक मे 7-8 फरवरी को लगने वाले लोन मेले के बारे मे बताते हुए होम लोन, सोलर लोन, व्हीकल लोन, शिक्षा लोन, गोल्ड लोन, पर्सनल लोन की सुविधा एक ही छत के नीचे उपलब्ध करवायी जाएगी एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा पीएनबी आरसेटी निदेशक ने और होममेड अगरबत्ती, के कार्य को स्वरोजगार के लिए सही बताया गया। इस कार्य के लिए निदेशक के द्वारा विशेष सराहना भी की गई। पीएनबी आरसेटी निदेशक उपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरसेटी से प्रशिक्षण प्राप्त कर युवक युवतियाँ स्वरोजगार स्थापित करने में सक्षम हो जाते हैं।

समापन कार्यक्रम के दौरान बाहर से आए ऐसेसर माधोराम, राजन खान द्वारा प्रशिक्षाणाथियों का एसेसमेण्ट पेपर लिया गया। उनके द्वारा सभी प्रशिक्षाणाथियों से प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्राप्त की गई और होममेड अगरबत्ती निर्माण को भविष्य में आगे बढने के लिए सही बताया एवं प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर आरसेटी बाजार का आयोजन किया गया जिसमे प्रशिक्षण के दौरान निर्मित अगरबत्ती व धूपबती की प्रदर्शनी लगाई गयी एवं कार्यकम समन्वयक सपना कुमारी ने सभी आगन्तुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।




ठेई में 10 दिवसीय होममेड अगरबत्ती निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का बैच का समापन हुआ।

## जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई'

**डीग, (निसं)।** ग्रामीण अंचलों की समस्याओं और ग्रामीणों की शिकायतों के समाधान के लिए सीकरी उपखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत झंझार में गुरुवार को आयोजित ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई क्षेत्रवासियों के लिए राहत का सुकून देने वाली रही। विभागीय योजनाओं के लाभार्थियों को हाथो-हाथ लाभान्वित किया गया। इसमें ठाामीणजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी समस्याओं तथा शिकायतों का समाधान पाकर राहत का अहसास किया। इसमें विभिन्न विभागों की ओर से सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई, ठाामीणों को इन योजनाओं के बारे में बताया गया तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कार्मिकों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित समस्याओं के समाधान की कार्यवाही की। जिला कलक्टर उत्सव कौशल ने आमजन से बातचीत की और धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने निस्तारित कार्यों के बारे में फीडबेक लिया। इस अवसर पर कौशल द्वारा ठाामीणों से चर्चा करते हुए केन्द्र व प्रदेश सरकार की लाभकारी गतिविधियों एवं ठाामीणों की भलाई के लिए संचालित योजनाओं का लाभ लेने का आ ान किया। उन्होंने जनसुनवाई के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की आमजन तक पहुंच सुनिश्चित करना है।

# हबीवपुर व मोतीपुरा को मिला कर नई पंचायत बनाने की मांग



नई पंचायत गठन के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौपते ग्रामीण।

गंगापुर सिटी, (निसं)। समीपवर्ती हबीबपुर और मोतीपुरा गांव के निवासियों ने एसडीएम बृजेन्द्र मीणा को ज्ञापन सौंपकर नई पंचायत बनाने की मांग की है।

दोनों गांवों के निवासियों का कहना है कि उन्हें वर्तमान पंचायत मुख्यालय तक पहुंचने में काफी परेशानियों का सामना करना पडता है। मौजूदा व्यवस्था में हबीबपुर, ग्राम पंचायत उमरी के अंतर्गत आता है, जहां ग्रामीणों को सवाई माधोपुर मेगा हाईवे पार करना पडता है। वहीं, मोतीपुरा ग्राम पंचायत सलेमपुर का हिस्सा है, जो लगभग 13-14 किलोमीटर दूर है। यहां के निवासियों को दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग और मेगा हाईवे पार करना पडता है, जिससे कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 101 के अनुसार, नई पंचायत बनाने के लिए आवश्यक मापदंड दोनों गांव पूरे करते हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार हबीबपुर की जनसंख्या 1,976 और मोतीपुरा की 986 थी, जो वर्तमान में बढकर कुल 5,000 से अधिक हो गई है।

दोनों गांवों के बीच की दूरी मात्र एक किलोमीटर है और आवागमन की पर्याप्त सुविधाएं मौजूद हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान व्यवस्था में दूरी की वजह से वे सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ नहीं ले पा रहे हैं और मतदान में भी कम भागीदारी हो पाती है।